राजस्थान CET 12वीं स्तर 2022 (शिफ्ट II, कोड 134B)

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

Rh कारक एक प्रतिजन है जो कि ___ की सतह पर स्थित होता है।

(A) श्वेत रुधिर कण
(B) लाल रुधिर कण ✓
(C) बिंबाणु
(D) लिम्फोसाइट्स

Q.2

जब एक प्रणाली में इनपुट, प्रोसेस व आउटपुट पहले से पूरी तरह ज्ञात है, वह प्रणाली कहलाती है :

(A) ओपन
(B) क्लोज
(C) सम्भावित
(D) नियतात्मक ✓

Q.3

Choose the most appropriate technical translation of the following word :
Circular

(A) परिपत्र ✓
(B) सूचना
(C) परिक्रमा
(D) नोटिस

Q.4

एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $25\sqrt{3}$ सेमी^{2} है, तब इसका परिमाप है -

(A) 30 सेमी ✓
(B) 50 सेमी
(C) $50\sqrt{3}$ सेमी
(D) 60 सेमी

Q.5

रयूमेटायड आर्थराइटिस एक ___ रोग है।

(A) स्वप्रतिरक्षित ✓
(B) अतिसंवेदी
(C) जीवाण्विक
(D) कवकीय

Q.6

डी.एन.ए. और आर.एन.ए. के शर्करा अणु में अंतर है -

(A) 2-C पर ऑक्सीजन का अभाव ✓
(B) 3-C पर ऑक्सीजन की उपस्थिति
(C) 3-C पर नाइट्रोजन का अभाव
(D) 2-C पर नाइट्रोजन की उपस्थिति

Q.7

निम्नलिखित में से कौन सा पक्षी फॉस्फोरस चक्र की एक कड़ी है?

(A) गुआनो ✓
(B) किंगफिशर
(C) कबूतर
(D) हमिंग बर्ड

Q.8

Any kind of letter generally ends with :

(A) Salutation
(B) Signature
(C) Subscription ✓
(D) Heading

Q.9

निम्न में से कौन सा पॉवरपॉइंट व्यू नहीं है?

(A) स्लाइड शो व्यू
(B) स्लाइड व्यू
(C) प्रजेन्टेशन व्यू ✓
(D) आउटलाइन व्यू

Q.10

ऐसी प्रक्रिया जिसमें कार्बोनेट अयस्क को धातु ऑक्साइड में बदलने के लिए वायु की सीमित उपस्थिति में दृढ़ता से गर्म किया जाता है, कहलाती है -

(A) भर्जन
(B) अपचयन
(C) निस्तापन ✓
(D) प्रगलन

Q.11

राजस्थान के कितने जिलों में जनजातीय क्षेत्र विकास स्कीम लागू की जा रही है?

(A) 6
(B) 8 ✓
(C) 10
(D) 12

Q.12

दालचीनी, पादप के किस भाग से प्राप्त होती है ?

(A) जड़
(B) छाल ✓
(C) पत्ती
(D) फूल

Q.13

पंचायती राज संस्थाओं के लिए दलीय निर्वाचन की अनुशंसा की थी?

(A) अशोक मेहता संमिति ✓
(B) जी.वी.के.राव समिति
(C) सादिक अली समिति
(D) के. संस्थानम समिति

Q.14

यदि $\cos\theta = \frac{a}{b}$, तो $\tan\theta = ?$

(A) $\frac{\sqrt{b^2-a^2}}{a}$ ✓
(B) $\frac{\sqrt{b^2-a^2}}{b}$
(C) $\frac{a}{\sqrt{b^2-a^2}}$
(D) $\frac{b}{\sqrt{b^2-a^2}}$

Q.15

चारकोल शुद्ध पदार्थ से रंग निकालने के लिये प्रयोग किया जाता है। यह किस प्रक्रम के द्वारा कार्य करता है ?

(A) ऑक्सीकरण
(B) अपचयन
(C) अधिशोषण ✓
(D) विरंजन

Q.16

A तथा B की मासिक आय में 4 : 3 का अनुपात है। दोनों में से प्रत्येक ₹ 600 बचाता है। यदि उनके द्वारा किये गये व्यय का अनुपात 3 : 2 हो, तो B की मासिक आय होगी -

(A) ₹ 2,400
(B) ₹ 2,000
(C) ₹ 1,800 ✓
(D) ₹ 3,600

Q.17

किस शब्द में समास-संबंधी अशुद्धि है ?

(A) नवरात्रि
(B) चक्रपाणि
(C) योगिराज
(D) अहोरात्र

Q.18

प्रसिद्ध चित्रकार साहिबदीन चित्रकला की किस शैली से सम्बन्धित हैं ?

(A) मेवाड़ ✓
(B) मारवाड़
(C) ढूंढ़ार
(D) अलवर

Q.19

राजस्थान में पारले बिस्किट फैक्ट्री कहां स्थित है।

(A) भीलवाड़ा
(B) भरतपुर
(C) नीमराना ✓
(D) जयपुर

Q.20

आहड़ का उत्खनन कार्य किसके नेतृत्व में सम्पादित हुआ था ?

(A) वी.एन. मिश्रा
(B) वी.एस. वाकणकर
(C) एच.डी. सांकलिया ✓
(D) बी.बी. लाल

Q.21

राज्यपाल विधान परिषद के कितने सदस्यों को मनोनीत कर सकता है -

(A) 1/6 ✓
(B) 2/6
(C) 3 / 4
(D) 1 / 12

Q.22

हिमालय की तीसरी सर्वाधिक ऊँची चोटी है -

(A) मकालू
(B) धौलागिरी
(C) नंगा पर्वत
(D) नंदा देवी

Q.23

Choose the correct alternative which can be substituted for the given sentence :
The period of life in which a person is old and weak

(A) Dotage
(B) Impecility
(C) Senility ✓
(D) Superannuation

Q.24

XeF5+ आयन की संरचना है –

(A) त्रिकोणीय द्विपिरैमिडीय
(B) वर्ग पिरैमिडीय ✓
(C) अष्टफलकीय
(D) पंचकोणीय

Q.25

दस्त के लिये उत्तरदायी ई. कोलाई जीवाणु होते हैं :

(A) ग्राम धनात्मक
(B) ग्राम ऋणात्मक ✓
(C) ग्राम उदासीन
(D) नॉन इनवेसिव

Q.26

नेहा अपने विद्यालय से पश्चिम की ओर 5 किमी चलती है। तब वह दायीं ओर मुड़कर 4 किमी चलती है। पुनः वह दायीं ओर मुड़कर 5 किमी चलती है। वह किस दिशा में जा रही है ?

(A) उत्तर
(B) दक्षिण
(C) पूर्व ✓
(D) पश्चिम

Q.27

राजस्थान के प्रथम लोकायुक्त थे :

(A) आई.डी. दुआ ✓
(B) के.पी.यू. मेनन
(C) के.एस. सिद्धू
(D) एम.डी. कौरानी

Q.28

डिवाइस द्वारा डेटा और इन्स्ट्रक्शन सी.पी.यू. को उपलब्ध कराने में लगता समय कहलाता है :

(A) डेटा स्पीड
(B) क्लॉक स्पीड
(C) एक्सेस टाइम ✓
(D) प्रोसेसिंग चक्र (cycle)

Q.29

एक जलीय पारितंत्र है, उत्पादकता का सीमा कारक .... है-

(A) प्रकाश ✓
(B) जल
(C) वायु
(D) मृदा

Q.30

ग्राम सभा की एक वर्ष में कितनी न्यूनतम बैठकें अनिवार्य है?

(A) 4
(B) 5
(C) 2 ✓
(D) 3

Q.31

Choose the correct option.
Tenders should be written in a language that is -

(A) roundabout a lengthy
(B) informal
(C) stylish
(D) brief and to the point ✓

Q.32

एक व्यक्ति ने 10 रुपये में 11 पेन खरीदे तथा उन सभी पेनों को 11 रुपये में 10 पैन के भाव से बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत है-

(A) 10%
(B) 11%
(C) 15%
(D) 21% ✓

Q.33

कौनसा कारक राजस्थान की जलवायु को निर्धारित करने के लिए उत्तरदायी नहीं है ?

(A) तापमान
(B) समुद्र से दूरी
(C) प्रचलित पवनें
(D) वर्षा का समान वितरण ✓

Q.34

इनपुट से आउटपुट में परिवर्तन किसके द्वारा होता है?

(A) पेरिफेरल
(B) यू.पी.एस.
(C) सी.पी.यू. ✓
(D) इनपुट - आउटपुट इकाई

Q.35

√(772641) का मान है-

(A) 891
(B) 889
(C) 879 ✓
(D) 871

Q.36

'पुरुषवाचक' सर्वनाम है -

(A) जिसका
(B) हम ✓
(C) कौन
(D) कोई

Q.37

लिथियम कार्बोनेट गर्म करने पर देता है -

(A) Li_2O और CO_2 ✓

(B) LiO और CO_2

(C) Li और CO_2

(D) Li, C और CO_2

Q.38

राजस्थान शुभ शक्ति योजना का लाभान्वित समूह है -

(A) स्टार्टअप संस्थापक

(B) फुटपाथ विक्रेता

(C) महिला व्यापारी

(D) श्रमिक परिवार की लड़कियाँ व महिलाएँ ✓

Q.39

'कैलाश सांखला' सम्बन्धित थे -

(A) साँप संरक्षण से

(B) बिश्नोई जाति से

(C) बाघ संरक्षण से ✓

(D) काले हिरण संरक्षण से

Q.40

कार्तीय निर्देशांक तंत्र में लेंस का सूत्र है -
जहाँ, u = प्रकाशिक केंद्र से बिम्ब की दूरी
v = प्रकाशिक केंद्र से प्रतिबिम्ब की दूरी
f = प्रकाशिक केंद्र से फोकस दूरी

(A) $\frac{1}{f} = \frac{1}{u} + \frac{1}{v}$

(B) $\frac{1}{f} = \frac{1}{u} - \frac{1}{v}$

(C) $\frac{1}{f} = \frac{1}{v} - \frac{1}{u}$ ✓

(D) $f = v + u$

Q.41

तरताई माता जिसका मन्दिर तलवाड़ा (बांसवाड़ा) में स्थित है, उन्हें किस और नाम से भी जाना जाता है ?

(A) गजलक्ष्मी

(B) महाकाली

(C) त्रिपुरा सुन्दरी ✓

(D) आवरी माता

Q.42

n के किस मान के लिए $(x + a), (x^n + a^n)$ का एक गुणनखण्ड होगा ?

(A) n के सभी मानों के लिए

(B) n के केवल अभाज्य मानों के लिए

(C) n के केवल सम मानों के लिए

(D) n के केवल विषम मानों के लिए ✓

Q.43

सुनहरा चावल का उत्पादन लोगों में ____ की कमी को कम करने के लिए किया गया।

(A) विटामिन B_{12}
(B) विटामिन ए ✓
(C) फोलिक अम्ल
(D) मैग्नीशियम

Q.44

मनरेगा के अंतर्गत न्यूनतम ____ दिनों का रोजगार प्रदान किया जाता है।

(A) 100 ✓
(B) 120
(C) 130
(D) 150

Q.45

निम्नलिखित में से कौनसा एक युग्म गलत सुमेलित है?

(A) रैण - दरियाव जी
(B) शाहपुरा - रामचरण जी
(C) खेड़ापा - रामदास जी
(D) सिंहथल - हरिवंश जी ✓

Q.46

Choose the correct indirect form of the given sentence from the options given below: She said, “We were thinking of selling the house but we have decided not to.”

(A) She said that they have been thinking of selling the house but had decide not to.
(B) She said that they had been thinking of selling the house but had decided not to. ✓
(C) She said that they thought of selling the house but decided not to.
(D) She said that they think of selling the house but had decided not to.

Q.47

अमरकाव्य वंशावली के रचयिता हैं?

(A) नरपति नाल्ह
(B) चैनदान बारहठ
(C) सोम सूरी
(D) रणछोड़ भट्ट ✓

Q.48

किस समूह में सही विलोम शब्द नहीं है ?

(A) बंधन - मुक्ति
(B) गौरव - लाघव
(C) आदि - प्रारम्भ ✓
(D) तिमिर - प्रकाश

Q.49

कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(A) ऐश्वर्य ✓
(B) कोतंय
(C) गुरुता
(D) ओदार्य

Q.50

विपरीत लक्षणों वाले जीन के जोड़े को कहते हैं :

(A) समयुग्मज
(B) जीन प्रारूप
(C) विषमयुग्मज
(D) ऐलिल ✓

Q.51

Choose the correct option for the Passive construction
Everyone calls him a peacemaker.

(A) A peacemaker he is called.
(B) He is called to be everyone's peacemaker.
(C) He is called a peacemaker. ✓
(D) Everyone is called a peacemaker by him.

Q.52

मार्च, 2022 में योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। वह राज्य के ___ मुख्यमंत्री हैं।

(A) 31 वें
(B) 33 वें ✓
(C) 29 वें
(D) 30 वें

Q.53

16 सेमी व 12 सेमी भुजाओं वाले किसी आयत के परितः एक वृत्त खींचा गया है। वृत्त का क्षेत्रफल क्या है ?

(A) 96π सेमी^{2}
(B) 100π सेमी^{2} ✓
(C) 152π सेमी^{2}
(D) 192π सेमी^{2}

Q.54

लॉजिकल ऑपरेटर्स का उदाहरण है :

(A)
(B) +
(C) if
(D) XOR ✓

Q.55

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.56

इन शब्दों में भाववाचक संज्ञा शब्द कौनसा है?

(A) मित्रता ✓
(B) पंडित
(C) कुत्ता
(D) चलना

Q.57

गोगाजी का जन्म स्थान ___ है।

(A) कोलू
(B) कोलायत
(C) ददरेवा ✓
(D) माल्लानी

Q.58

निम्न में से कौन सा राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार है ?

(A) $23^\circ 03'$ उत्तर एवं $30^\circ 12'$ उत्तर ✓
(B) $23^\circ 03'$ उत्तर एवं $30^\circ 12'$ दक्षिण
(C) $23^\circ 30'$ उत्तर एवं $30^\circ 21'$ उत्तर
(D) $23^\circ 30'$ दक्षिण एवं $30^\circ 12'$ दक्षिण

Q.59

'माही कंचन' और 'माही धवल' किस फ़सल की किस्म हैं?

(A) बाजरा
(B) ज्वार
(C) मक्का ✓
(D) चना

Q.60

भारत के प्रथम निजी रॉकेट का नाम क्या है-

(A) विक्रम -Y
(B) विक्रम-S ✓
(C) विक्रम-Z
(D) विक्रम-H

Q.61

'युधिष्ठिर' शब्द में कौन सा समास है?

(A) कर्मधारय
(B) बहुब्रीहि ✓
(C) अव्ययीभाव
(D) द्विगु

Q.62

शिवालिक ढाल के समानान्तर नदियों द्वारा बिछायी गयी कंकरीली संकरी पट्टी जानी जाती है-

(A) भाबर ✓
(B) तराई
(C) भांगर
(D) कांकर

Q.63

मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना किसकी अध्यक्षता में 1938 में हुई?

(A) नयनूराम शर्मा
(B) कपूरचंद पाटनी
(C) जमनालाल बजाज
(D) बलवंत सिंह मेहता ✓

Q.64

रिलायंस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा भारत का प्रथम मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क ....में विकसित किया जाएगा-

(A) गुजरात
(B) कर्नाटक
(C) तमिलनाडु ✓
(D) राजस्थान

Q.65

भारत के किस राज्य में 68वीं नेहरू ट्रॉफी बोट (नौका) रेस आयोजित की गई थी?

(A) तमिलनाडु
(B) केरल ✓
(C) कर्नाटक
(D) आन्ध्र प्रदेश

Q.66

101 का घनफल है-

(A) 1040401
(B) 1050501
(C) 1020201
(D) 1030301 ✓

Q.67

राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया था?

(A) फजल अली ✓
(B) हीरालाल शास्त्री
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) माणिक्यलाल वर्मा

Q.68

माइक्रोसॉफ्ट क्लिप गैलरी का प्रयोग :

(A) वर्ड आर्ट जोड़ने के लिए
(B) स्पेल चेक करने के लिए
(C) क्लिप आर्ट पिक्चर्स जोड़ने के लिए ✓
(D) स्लाइड को हटाने के लिए

Q.69

अभिक्रिया $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$ एक उदाहरण है

(A) अपचयन अभिक्रिया (Reduction Reaction)
(B) संयोग अभिक्रिया (Addition Reaction)
(C) अपघटन अभिक्रिया (Decomposition Reaction)
(D) द्विविस्थापन अभिक्रिया (Double Displacement R.) ✓

Q.70

एक पंक्ति में रोमा बायीं ओर से आठवीं है तथा अमन दायीं ओर से सातवाँ है। जब वे आपस में अपना स्थान परिवर्तित कर लेते हैं तो अमन दायीं ओर से ग्यारहवाँ हो जाता है। तब रोमा का स्थान बायीं ओर से क्या होगा ?

(A) 10 वाँ
(B) 11 वाँ
(C) 12 वाँ ✓
(D) 13 वाँ

Q.71

कौनसा अन्य से भिन्न है?

(A) शंकु ✓
(B) वृत्त
(C) त्रिभुज
(D) वर्ग

Q.72

प्रिज्म द्वारा सफेद प्रकाश के विक्षेपण में प्रकाश का कौन सा रंग अधिकतम विचलित होता है ?

(A) बैंगनी ✓
(B) नीला
(C) हरा
(D) लाल

Q.73

विधान परिषद के सदस्यों का चुनाव किया जाता है?
1.प्रत्यक्ष चुनाव
2.अप्रत्यक्ष चुनाव
3.नामांकन से

(A) 1,2 और 3
(B) 2 और 3 ✓
(C) 1 और 3
(D) 1 और 2

Q.74

Fill in the blank with the correct option. The teacher taught us that the earth ___ round.

(A) is ✓
(B) were
(C) was
(D) are

Q.75

Choose the correct antonym of the following word from the options given below: Encourage

(A) Aid
(B) Discourage ✓
(C) Incite
(D) Persuade

Q.76

'अन्वेषण' शब्द का सही संधि-विच्छेद है –

(A) अन + एषण
(B) अन + ऐषण
(C) अनु + एषण ✓
(D) अनु + ऐषण

Q.77

कौन सा रक्त प्रकार सार्वभौमिक दाता होता है ?

(A) O^- ✓
(B) O^+
(C) AB^-
(D) AB^+

Q.78

'मुसीबत के समय उपाय खोजना' अर्थ को प्रकट करने वाला मुहावरा है –

(A) काठ का उल्लू होना
(B) आग लगने पर कुआँ खोदना ✓
(C) चादर से बाहर पैर पसारना
(D) छप्पर पर फूस न होना

Q.79

शेषफल (Remainder) ज्ञात करने के लिए एम एस एक्सल में कौन सा फंक्शन प्रयोग में लेते हैं?

(A) DIV()
(B) MOD() ✓
(C) INT()
(D) FACT()

Q.80

अनुपात 4:5 के प्रत्येक पद (term) में कौन सी संख्या जोड़ी जाए ताकि यह अनुपात 5:6 के बराबर हो जाए?

(A) 1 ✓
(B) 2
(C) 3
(D) 4

Q.81

निम्न में से निम्न-हिमालय से संबंधित श्रृंखला है-

(A) पीर पंजाल
(B) धौलाधार
(C) महाभारत
(D) सभी ✓

Q.82

यदि एक लम्बवृत्तीय शंकु का आयतन 16π मी^{3} तथा ऊँचाई 12 मी है। उसके आधार का व्यास है –

(A) 4 मी. ✓
(B) 2 मी.
(C) 1 मी.
(D) π मी.

Q.83

____ एक कार्य को आदेशों की श्रृंखला में अनुवाद करने की एक प्रक्रिया है, जिन्हें कम्प्यूटर उस कार्य को करने के लिए उपयोग करेंगे।

(A) सिस्टम डिज़ाइन
(B) सिस्टम विश्लेषण (एनालिसिस)
(C) कोडिंग ✓
(D) मेटिनेंस (रखरखाव)

Q.84

जानकारी को संचार माध्यम (चैनल) पर भेजने की दर (रेट) कहलाती है -

(A) बॉड रेट
(B) बिट रेट ✓
(C) नैनो रेट
(D) पिक्सल रेट

Q.85

किसी वस्तु (बिंब) का छोटा, आभासी व सीधा प्रतिबिंब प्राप्त करने हेतु उसे ____ दर्पण के सामने कहीं पर भी रखा जा सकता है।

(A) उत्तल ✓
(B) अवतल
(C) समतल
(D) या तो अवतल या उत्तल

Q.86

डायमंड है -

(A) कार्बन का अपररूप ✓
(B) कार्बन का समावयवी
(C) कार्बन का समस्थानिक
(D) कार्बन का समआयतनिक

Q.87

निम्नलिखित में से किस जिले में महाराव शेखाजी सशस्त्र बल प्रशिक्षण अकादमी निर्माणाधीन है?

(A) बीकानेर
(B) चूरू
(C) सीकर ✓
(D) गंगानगर

Q.88

'आपादमस्तक' शब्द के लिए एक सार्थक वाक्यांश है -

(A) पैर से सिर तक ✓
(B) मस्तक झुकाने वाला
(C) क्षणभर में नष्ट होने वाला
(D) आलोचना के योग्य

Q.89

150 मी. ऊँची चट्टान के शीर्ष से दो नावों का अवनमन कोण 60° तथा 30° है। नावों के मध्य दूरी क्या है यदि नावें चट्टान के विपरीत दिशा में हैं?

(A) $50\sqrt{3}$ मी.
(B) $100\sqrt{3}$ मी.
(C) $200\sqrt{3}$ मी. ✓
(D) 200 मी.

Q.90

2024 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों की मेजबानी कौन करेगा?

(A) टोक्यो
(B) पेरिस ✓
(C) मॉस्को
(D) कतर

Q.91

एक शहर की जनसंख्या 1 करोड़ हैं। यदि जीवित जन्में शिशुओं की संख्या 85 हजार है, तब जन्म दर है-

(A) 8.5% ✓
(B) 0.085%
(C) 0.8500
(D) 85% 00

Q.92

प्रतिहार शासक....के शासन काल में जैन ग्रन्थ हरिवंशपुराण एवं कुवलयमाला की रचना हुयी।

(A) वत्सराज ✓
(B) रामभद्र
(C) मिहिरभोज
(D) महिन्द्रपाल प्रथम

Q.93

राजस्थान के कितने जिलों में थार रेगिस्तान फैला हुआ है?

(A) 9
(B) 14
(C) 11
(D) 12 ✓

Q.94

यदि एक कूट भाषा में CREW को 96 लिखा जाता है तथा COURT को 154 लिखा जाता है तो उसी भाषा में CRATE को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(A) 47
(B) 90
(C) 94 ✓
(D) 98

Q.95

जयपुर घराने का प्रसिद्ध नृत्य कौनसा है ?

(A) ओडिसी
(B) भरतनाट्यम
(C) कत्थक ✓
(D) कथकली

Q.96

निम्नांकित में से कौन सी आग्नेय चट्टानें जालौर में पाई जाती हैं ?
(i) गेब्रो
(ii) ग्रेनाइट
(iii) रायोलाईट
(iv) बेसाल्ट

(A) (i) व (ii)
(B) (ii) व (iii) ✓
(C) (iii) व (iv)
(D) (i) व (iv)

Q.97

Fill in the blank with appropriate determiner from the options given below :
___ pen will do.

(A) Many
(B) Any ✓
(C) Much
(D) Enough

Q.98

एक 14 वर्ष का विद्यार्थी श्याम पटल पर लिखे हुए प्रश्नों को 5 मी. की दूरी से साफ नहीं पढ़ पाता है । विद्यार्थी किस नेत्र दोष से पीड़ित है एवं इसे दूर करने के लिए कौन सा लेंस उपयोग करना होगा ?

(A) निकट दृष्टि दोष, अवतल लेंस ✓
(B) निकट दृष्टि दोष, उत्तल लेंस
(C) दूर दृष्टि दोष, अवतल लेंस
(D) दूर दृष्टि दोष, उत्तल लेंस

Q.99

ग्रामीण गैर-कृषि विकास प्राधिकरण (रूडा) का क्या कार्य है?

(A) गांवों में बिजली-उपलब्ध कराना
(B) कृषि का विकास
(C) गैर-कृषि क्षेत्र का विकास ✓
(D) शिक्षा संस्थाओं का विकास

Q.100

7-8 अक्टूबर 2022 को किस शहर में 'इन्वेस्ट राजस्थान समिट' का आयोजन किया गया ?

(A) जोधपुर
(B) बीकानेर
(C) जयपुर ✓
(D) कोटा

Q.101

जानकीलाल किस लोक-कला से सम्बन्धित हैं ?

(A) नौटंकी
(B) फड़
(C) तमाशा
(D) बहरूपिया ✓

Q.102

निम्नलिखित किलों में से किसे "बेस्ट डेस्टिनेशन इन इंडिया सिल्वर आउटलुक ट्रेवलर अवार्ड 2022" से नवाजा गया ?

(A) जयगढ़
(B) हवामहल
(C) कुम्भलगढ़
(D) रणथम्भौर

Q.103

किशनगढ़ की फलकू बाई किस नृत्य से संबंधित है ?

(A) चकरी नृत्य
(B) तेरहताली
(C) कालबेलिया
(D) चरी

Q.104

'SUBORDINATE' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है -

(A) वरिष्ठ श्रेणी
(B) अधीनस्थ
(C) विनीत
(D) सहायक

Q.105

निम्नलिखित में से कौन सा एंजाइम जैव प्रौद्योगिकी में 'आणविक कैंची' कहलाता है ?

(A) डीएनए लाइगेज़
(B) पोलीमेरेज
(C) हाइड्रोलेस
(D) प्रतिबंधन एंजाइम (रेस्ट्रिक्शन एंजाइम)

Q.106

1857 के स्वतंत्रता संग्राम में कोटा महाराव की सहायता के लिए किस राज्य ने सैनिक सहायता भेजी ?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) उदयपुर
(D) करौली

Q.107

16 नवम्बर, 2022 को मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय की आधारशिला कहाँ रखी ?

(A) अलवर में
(B) जोधपुर में
(C) बगरु में
(D) किशनगढ़ में

Q.108

निम्नलिखित अक्षर श्रेणी में अगला अक्षर कौन सा आना चाहिए ?
K, L, J, M, I, N, H, O, G, P, [ ]

(A) Q
(B) R
(C) E
(D) F

Q.109

भारत के अन्तरिक्ष कार्यक्रम के जन्मदाता किसे माना जाता है ?

(A) डॉ. होमी जहाँगीर भाभा
(B) डॉ. विक्रम साराभाई ✓
(C) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(D) डॉ. पंचानन माहेश्वरी

Q.110

Women learn English faster than men.

(A) पुरुष औरतों से जल्दी अंग्रेजी सीखते हैं।
(B) औरतें पुरुषों से ज्यादा जल्दी अंग्रेजी सीखती है। ✓
(C) औरतों को पुरुषों के मुकाबले जल्दी अंग्रेजी सीखनी चाहिए।
(D) पुरुषों को महिलाओं से पहले अंग्रेजी सीखनी चाहिए।

Q.111

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.112

गुइन्डी राष्ट्रीय उद्यान ..... में स्थित है ।

(A) बेंगलुरु
(B) कोलकाता
(C) चेन्नई ✓
(D) मुंबई

Q.113

'छप्पन का मैदान' स्थित है -

(A) बांसवाड़ा और कुशलगढ़ के बीच
(B) बांसवाड़ा और डूंगरपुर के बीच
(C) चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ के बीच
(D) प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा के बीच ✓

Q.114

'कपिल आम खाता है।' वाक्य में क्रिया है -

(A) अकर्मक क्रिया
(B) सकर्मक क्रिया ✓
(C) पूर्वकालिक क्रिया
(D) नामधातु क्रिया

Q.115

देश की कुल जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान का 2011 में कौन सा क्रम है?

(A) 24 वाँ क्रम
(B) 27 वाँ क्रम
(C) 12 वाँ क्रम
(D) 8 वाँ क्रम ✓

Q.116

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.117

Choose the correct preposition. He took ages ___ the job.

(A) over ✓
(B) above
(C) beneath
(D) of

Q.118

थार मरुस्थल में 'ढांड' के नाम से कौन-सा जाना जाता है ?

(A) नखलिस्तान
(B) चन्द्राकार बालुका स्तूप में गर्त
(C) उत्श्रुत बेसिन
(D) मरुस्थल में प्लाया ✓

Q.119

यदि एक त्रिभुज में दो शीर्षों से सम्मूख भुजाओं पर डालें गए लम्ब समान हो तो त्रिभुज है-

(A) समद्विबाहु ✓
(B) विषमबाहु
(C) समकोण
(D) समबाहु

Q.120

यदि $\log_{27} x = \frac{1}{6}$ तब x बराबर है-

(A) 9
(B) 27
(C) $\sqrt{3}$ ✓
(D) 3

Q.121

बाजूबंद आभूषण.... में पहना जाता है ?

(A) छाती
(B) भुजा ✓
(C) टकना
(D) कमर

Q.122

भू-स्थिर उपग्रह घूमता है -

(A) किसी भी ऊँचाई पर
(B) स्थिर ऊँचाई पर ✓
(C) ध्रुवों के ऊपर किसी ऊँचाई पर
(D) ऊँचाई जो द्रव्यमान पर निर्भर हो

Q.123

गोवा में आयोजित आई.एफ.एफ.आई. (भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह) 2022 में किसे वर्ष का भारतीय फिल्म व्यक्तित्व घोषित किया गया ?

(A) हेमा मालिनी
(B) चिरंजीवी ✓
(C) प्रसून जोशी
(D) मनोज बाजपेयी

Q.124

राजस्थान के किस जिले में हैवेल्स इंडिया की फैक्ट्री स्थित है ?

(A) अलवर ✓
(B) अजमेर
(C) कोटा
(D) जयपुर

Q.125

फैटी यकृत होता है -

(A) सूखा रोग में
(B) क्वाशियोरकोर में ✓
(C) स्कर्वी में
(D) पेलाग्रा में

Q.126

भारत की संसदीय प्रणाली में 'शून्यकाल' का आशय क्या है-

(A) वह ठीक समय जब प्रश्न काल समाप्त होता है।
(B) किसी विधेयक पर चर्चा के दो चरणों के बीच अनौपचारिक चर्चा के लिए आवंटित समय।
(C) बजट पर चर्चा के लिए आवंटित विशिष्ट समय।
(D) प्रश्न काल और कार्यसूची की अगली मद के बीच का समय जब सदस्य अध्यक्ष की अनुमति के बगैर कोई विषय उठाते हैं। ✓

Q.127

निम्नांकित में से किसे सरकारी राजपत्र (गजट) में प्रकाशित किया जाता है ?

(A) निविदा
(B) परिपत्र
(C) अधिसूचना ✓
(D) अनुस्मारक

Q.128

। लीटर का कितना प्रतिशत 200 मिली है?

(A) 20% ✓
(B) 200%
(C) 0.2%
(D) 2%

Q.129

निम्नलिखित में से कौनसा पेड़ गोंद का अच्छा स्रोत है-

(A) सागवान
(B) सालर ✓
(C) तेंदू
(D) गुरजन

Q.130

राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या सदस्य को कार्यकाल की समाप्ति से पूर्व किसके द्वारा हटाया जा सकता है ?

(A) राज्यपाल द्वारा
(B) राष्ट्रपति द्वारा ✓
(C) विधान सभा द्वारा
(D) मुख्य मंत्री द्वारा

Q.131

भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल बिपिन रावत को मरणोपरान्त किस सम्मान से सम्मानित किया गया ?

(A) परमवीर चक्र
(B) पद्म भूषण
(C) अशोक चक्र
(D) पद्म विभूषण ✓

Q.132

एक धन राशि चक्रवृद्धि ब्याज 15 वर्षों में दुगुनी हो जाती है, कितने वर्षों में यह आठ गुनी हो जाएगी

(A) 60
(B) 75
(C) 30
(D) 45 ✓

Q.133

राजस्थान के किस मेडिकल कॉलेज में पिडियाट्रिक्स एण्ड निओनेटोलॉजी संस्थान की स्थापना की जाएगी ?

(A) एस.एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर
(B) एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज, जयपुर ✓
(C) जे.के. लोन हॉस्पीटल, कोटा
(D) जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज, अजमेर

Q.134

मौलिक अधिकारों के हनन होने पर प्रभावित व्यक्ति रिट याचिका पेश कर सकता है-

(A) केवल जिला न्यायालय में
(B) केवल उच्चतम न्यायालय में
(C) उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में ✓
(D) केवल उच्च न्यायालय में

Q.135

चंबल परियोजना किन दो राज्यों के बीच संयुक्त परियोजना है?

(A) राजस्थान और पंजाब
(B) राजस्थान और गुजरात
(C) राजस्थान और मध्यप्रदेश ✓
(D) राजस्थान और उत्तरप्रदेश

Q.136

राजस्थान के सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो का कौन सा कार्य नहीं है ?

(A) राजस्थान में निजी उपक्रमों को दिशा-निर्देश देना। ✓
(B) सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यों की निगरानी करना।
(C) राज्य के विभिन्न उपक्रमों की कार्यप्रणाली में समन्वय करना।
(D) राज्य के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए सूचना एकत्र करने हेतु समाशोधन गृह सम्बन्धी सेवा करना।

Q.137

1857 के विद्रोह के समय भीमजी चारण को किस राव (सामन्त) ने शरण दी थी?

(A) केसरीसिंह
(B) जोधसिंह ✓
(C) रणजीतसिंह
(D) कोई नहीं

Q.138

Go through the following poem and answer the question given below:

O Rose thou art sick,
The invisible worm,
That flies in the night
in the howling storm:
Has found out thy bed
of crimson joy:
And his dark secret love
Does thy life destroy.

What does the 'worm' symbolize here?

(A) Secret love
(B) Life and beauty
(C) Howling storm
(D) Death and decay ✓

Q.139

राजस्थान की 'इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना' का शुभारम्भ कब किया गया ?

(A) 15 अगस्त, 2022 को
(B) 9 सितम्बर, 2022 को ✓
(C) 8 नवम्बर, 2022 को
(D) 18 नवम्बर, 2022 को

Q.140

निम्न में से कौनसा संस्कार जन्म से सम्बन्धित है?

(A) बिंदोली
(B) मौसर
(C) सामैला
(D) जडूला ✓

Q.141

विश्व का सबसे बड़ा आवासीय नदीय द्वीप... नदी में स्थित है-

(A) गंगा
(B) सिंधु
(C) गोदावरी
(D) ब्रह्मपुत्र ✓

Q.142

Ctrl + Y का प्रयोग किया जाता है :

(A) पैराग्राफ एलाइन करने के लिए
(B) एक दस्तावेज को बंद करने के लिए
(C) अंतिम क्रिया को रिपीट या रीडू करने के लिए ✓
(D) अंतिम क्रिया पूर्ववत् करने के लिए

Q.143

संविधान के किस अनुच्छेद के तहत् राज्यपाल विधानमण्डल द्वारा पारित किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति हेतु सुरक्षित रख सकता है ?

(A) अनु. 256
(B) अनु. 257
(C) अनु. 213
(D) अनु. 200 ✓

Q.144

अचलगढ़ दुर्ग कहाँ स्थित है ?

(A) अजमेर
(B) जालोर
(C) माउंट आबू ✓
(D) अलवर

Q.145

हड़प्पा सभ्यता आधारित विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय बनने जा रहा है-

(A) लोथल में
(B) कालीबंगा में
(C) बनवाली में
(D) राखीगढ़ी में ✓

Q.146

VLOOKUP फंक्शन कार्य करता है :

(A) मिलते जुलते रिकॉर्ड ढूँढ़ता है ✓

(B) वह शब्द ढूँढ़ता है जिनमें 'V' है

(C) दो सैल्स को एकदम समानता के लिए देखता है

(D) नहीं मिलने जुलने वाले रिकॉर्ड ढूँढ़ता है

Q.147

फेमिना मिस इण्डिया 2022 प्रतियोगिता में निम्नलिखित में से कौन सी प्रतियोगी फर्स्ट रनर अप रही ?

(A) कनिका सिंह

(B) यामिका सैन

(C) सिनी शेट्टी

(D) रूबल शेखावत ✓

Q.148

राजस्थान में बार-बार अकाल एवं सूखे का क्या कारण है ?

(A) वनों की कटाई

(B) जल का अविवेकपूर्ण उपयोग

(C) भूमि का कटाव

(D) अनियमित वर्षा ✓

Q.149

काली मिट्टी के बर्तनों के लिए कौनसा स्थान प्रसिद्ध है?

(A) जयपुर

(B) बांसवाड़ा

(C) सवाई माधोपुर ✓

(D) चित्तौड़गढ़

Q.150

8 क्रमागत पूर्णांकों (consecutive integers) का औसत $23/2$ है। प्रथम तीन पूर्णांकों का औसत क्या है?

(A) 7

(B) 8

(C) 9 ✓

(D) 10



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in